**शुक्रवार**
05 अगस्त 2022



पृष्ठ 4
**पाइलेट्स बनाम एरोबिक्सः किस एक्सरसाइज का चयन है ज्यादा बेहतर**



पृष्ठ 5
**अक्षय कुमार की सेल्फी 24 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 180
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**


पाषाण के भीतर भी मधुर स्रोत होते हैं, उसमें मदिरा नहीं शीतल जल की धारा बहती है।
— जयशंकर प्रसाद

# महंगाई पर कांग्रेस का हल्ला बोल

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आज देश की राजधानी से लेकर देशभर में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी व जीएसटी के मुद्दे पर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन का केंद्र रहे दिल्ली में भारी संख्या में सांसद व कांग्रेस कार्यकर्ता काले कपड़े पहन कर सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी जोरदार भिड़ंत भी हुई तथा पुलिस ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित सैकड़ों सांसद और बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर लिया है।

कांग्रेस द्वारा आज सुनियोजित तरीके से देश की आम जनमानस की समस्याओं को लेकर एक बड़े प्रदर्शन मार्च का आयोजन किया गया। संसद भवन में जहां इस प्रदर्शन मार्च की कमान सोनिया गांधी ने संभाली वहीं संसद के बाहर राहुल गांधी इसका नेतृत्व करते नजर आए। प्रियंका गांधी ने कांग्रेस मुख्यालय से इस आंदोलन की कमान संभाली। एक साथ तीन अलग-अलग जगहों से किए गए एक साथ हल्ला बोल से निपटने के लिए दिल्ली पुलिस प्रशासन द्वारा भी कड़े सुरक्षा प्रबंध कर लिए गए थे। दिल्ली में धारा 144 लागू कर दी गई।



**●दिल्ली कांग्रेस का जबरदस्त विरोध मार्च**
**●राहुल-प्रियंका सहित तमाम सांसद गिरफ्तार**

राहुल गांधी सांसदों के साथ राष्ट्रपति भवन के लिए निकले तो उनके साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी शामिल थे। राहुल गांधी को पुलिस द्वारा विजय चौक पर रोक दिया गया तो वह वहीं धरने पर बैठ गए। यहां पुलिस ने सांसदों को घसीट घसीट कर गाडियों में डाला और राहुल गांधी को भी हिरासत में ले लिया गया। सबसे बड़ा हंगामा उस समय देखने को मिला जब प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेसी कांग्रेस मुख्यालय से निकले। प्रियंका गांधी एक ट्रॉली में रसोई गैस सिलेंडर के साथ बाहर निकली और पुलिस बैरिकेटिंग तक जा पहुंची जहां लंबे समय तक पुलिस व कांग्रेसियों के बीच धक्का-मुक्की होती रही और कांग्रेसी कार्यकर्ता एक बैरिकेडिंग को तोड़ने में सफल रहे। दूसरी वैरिकेटिंग को भी प्रियंका गांधी कूद गई और उनके पीछे तमाम कार्यकर्ता भी आगे बढ़ने लगे पुलिस के अधिकारियों ने दौड़ कर उन्हें पकड़ा जिसके बाद वह वहीं धरने पर बैठ गई। बाद में बड़ी मुश्किल से पुलिस अधिकारी उन्हें गिरफ्तार कर गाड़ी में बैठा कर ले जा सके।

इस दौरान कांग्रेस के तमाम बड़े नेता मल्लिकार्जुन खड़के, चिदंबरम, जय राम नरेश, हरीश रावत सहित सैकड़ों कांग्रेसी नेताओं को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शन से पहले राहुल गांधी ने एक प्रेस वार्ता कर सरकार पर तानाशाही करने और विपक्ष को डरा कर चुप कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश में लोकतंत्र खत्म किया जा रहा है जब कि भाजपा कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को परिवारवाद बचाने की कोशिश बता रही है।

# उच्च शिक्षा मंत्री का उल्टा झंडा बना चर्चा का मुद्दा



**❑सोशल मीडिया पर हो रहा है वायरल**

विशेष संवाददाता

हरिद्वार। इन दिनों देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सांसद, विधायकों ने अपनी डीपी पर तिरंगे की तस्वीर लगा रखी है। भाजपा ने 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने के लिए अभियान छेड़ा हुआ है। लाल किले से अभी एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया था। भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा भी इस अभियान की सफलता सुनिश्चित को लेकर देहरादून आए हुए थे। बीते कल हर घर तिरंगा अभियान को प्रमोट करने के लिए पतंजलि योगपीठ में आयोजित जड़ी-बूटी दिवस कार्यक्रम के दौरान भी मंच पर उपस्थित अतिथियों ने तिरंगे का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद थे। मंच पर खड़े अतिथि गण जब तिरंगे को हाथों में पकड़े थे उनमें उच्च शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत भी मौजूद थे। सभी ने हाथों में झंडा सीधा पकड़ा हुआ था लेकिन धन सिंह रावत ने झंडे को उल्टा पकड़ रखा था। हरिद्वार की यह तस्वीर और सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। लोग उच्च शिक्षा मंत्री के ज्ञान पर सवाल उठा रहे हैं साथ ही उनकी लापरवाही का भी मजाक बना रहे हैं। ◀◀ शेष पृष्ठ 4 पर

## हम लोकतंत्र की मौत देख रहे हैंः राहुल गांधी



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी के महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हम लोकतंत्र की मौत देख रहे हैं। इस देश ने 70 साल में बनाया उसको 8 साल में खत्म कर दिया गया। भारत ने लगभग एक सदी पहले से जो ईंट-पत्थर बनाया है, वह आपकी आंखों के सामने नष्ट हो रहा है। जो कोई भी तानाशाही की शुरुआत के इस विचार के खिलाफ खड़ा होता है, उस पर शातिर हमला किया जाता है, जेल में डाला जाता है, गिरफ्तार किया जाता है और पीटा जाता है। उन्होंने आगे कहा, विचार यह है कि लोगों के मुद्दे चाहे मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी, समाज में हिंसा को नहीं उठाया जाना चाहिए। यही है सरकार का एकमात्र एजेंडा है। 4-5 लोगों के हितों की रक्षा के लिए सरकार चलाई जा रही है और 2 लोगों द्वारा 2-3 बड़े व्यापारियों के हित में यह तानाशाही चलाई जा रही है। प्रश्न आप सभी चाहते हैं। वहां बिल्कुल कुछ भी नहीं है, हर कोई इसे जानता है।ः गांधी ने ये भी कहा कि मेरा काम आरएसएस के विचार का विरोध करना है और मैं इसे करने जा रहा हूं। जितना अधिक मैं यह करूंगा, उतना ही मुझ पर आक्रमण होगा, मुझ पर उतना ही अधिक आक्रमण होगा। मैं खुश हूं, मुझ पर हमला करो।

## पिछले 24 घंटो में कोरोना के 20 हजार से ज्यादा मामले आए सामने, देश में संक्रमण से 70 लोगों की मौत

नई दिल्ली । भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 20,551 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,41,07,588 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,35,364 हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 70 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,26,600 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,35,364 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.31 प्रतिशत है।

पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 1,114 की कमी दर्ज की



गई। मरीजों के स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.50 प्रतिशत है।

अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 5.14 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.64 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,34,45,624 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 205.59 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

## विपक्ष और उसके मुद्दे, सब खत्म

लोकतंत्र में विपक्ष का मजबूत होना कितना अनिवार्य और जरूरी होता है इस बात का एहसास अब कांग्रेस को ही नहीं देश के आम आदमी को भी होता जा रहा है जब सत्ता में बैठे लोग किसी की भी बात सुनने को तैयार न हो तो यह स्थिति लोकतंत्र के लिए अच्छे संकेत नहीं कहे जा सकते हैं। आम आदमी जिस बढ़ती महंगाई को लेकर सबसे ज्यादा परेशान है आज सरकार में बैठे लोग उसे यह कहकर हवा में उड़ा रहे हैं कि महंगाई है कहां? उनके हाथों में उन देशों की लिस्ट है जहां भारत से अधिक उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें हैं उनका तर्क है कि उसके मुकाबले तो यहां कुछ भी महंगाई नहीं है। जो आज सत्ता में बैठे हैं उनके लिए महंगाई तब तक मुद्दा थी जब तक वह विपक्ष में थे गैस सिलेंडर की कीमतें अगर 350 से बढ़कर 360 हो जाती थी तो महंगाई डायन हो जाती थी और अब 500 से बढ़कर 1000 के पार हो गई लेकिन महंगाई फिर भी नहीं है। पेट्रोल 50 रूपये से बढ़कर अगर 52 रूपये हो जाता था तो वह ध रने पर बैठ जाते थे लेकिन अब पेट्रोल 100 के पार हो गया फिर भी महंगाई उन्हें दिखाई नहीं दे रही है। इस मानसून सत्र में एक भी दिन संसद की कार्यवाही नहीं चल सकी है विपक्ष का कहना है कि सत्ता पक्ष सदन में उन्हें किसी मुद्दे पर भी चर्चा करने ही नहीं देता है। सत्ता पक्ष का कहना है कि कांग्रेसी और विपक्षी दल ईडी की कार्रवाई को लेकर संसद में काम नहीं होने दे रहे हैं। लेकिन सत्य यही है कि सत्तापक्ष ने कमजोर विपक्ष को इतना कमजोर कर दिया है कि अब उनका कोई वजूद बचा ही नहीं है इस सच के कारण ही सत्ता पक्ष द्वारा तमाम मुद्दों पर तानाशाही वाला रवैया दिखाया जा रहा है। बात चाहे महंगाई की हो या फिर भ्रष्टाचार की अथवा बेरोजगारी की। सरकार के लिए यह मुद्दे हंसी मजाक के मुद्दे बनकर रह गए हैं। सत्ता की ताकत क्या होती है मोदी ने इसका एहसास देश की जनता और विपक्ष दोनों को बखूबी करा दिया है। भाजपा नेताओं द्वारा कुछ साल पहले कांग्रेस मुक्त भारत का नारा दिया गया था हो सकता है तब कांग्रेसी नेताओं और आम आदमी की समझ में यह न आया हो कि इसके निहितार्थ क्या है? लेकिन अब तक स्थिति साफ हो चुकी है। कांग्रेस के कमजोर होने का मतलब ही विपक्ष का वजूद खत्म होना है और जब विपक्ष ही नहीं रहेगा तो फिर लोकतंत्र भी नहीं बचेगा ऐसे में सिर्फ तानाशाही ही शेष रह जाती है। विपक्ष के खात्मे के लिए भी कोई और जिम्मेदार नहीं है खुद विपक्षी दल ही जिम्मेदार हैं लेकिन इसका सबसे बड़ा नुकसान आम जनता का हो रहा है। गरीबों को और अधिक गरीबी में धकेला जा रहा है। मुफ्त का राशन जब बंद हो जाएगा तब इन गरीबों का क्या होगा इसकी समझ भी उन्हें नहीं है। यही कारण है कि जनता के लिए भी अब महंगाई व बेरोजगारी कोई मुद्दा नहीं रहे गए हैं।

# ज्वैलर्स पर हुए हमले व रंगदारी मांगने का खुलासा, पांच गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। ज्वैलरी शोरूम मोरातारा के मालिक को 50 लाख की फिरौती के लिए धमकी व न दिये जाने पर फायर झोंकने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने पांच शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से पुलिस ने पिस्टल तमंचे व गोलियां भी बरामद की है। गिरफ्तार मुख्य आरोपी शातिर बदमाश है जिस पर देहरादून सहित कई जिलों में मुकदमें दर्ज है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. योगेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि बीती 27 जुलाई को निपुण मित्तल पुत्र नवीन चन्द्र निवासी मयूर बिहार आर्य नगर जवालापुर द्वारा थाना ज्वालापुर पर तहरीर देकर बताया कि वह 26 जुलाई की रात जब अपने ज्वैलरी शोरूम मोरातारा से अपने घर स्कूटी से जा रहे थे तो किसी ने उन पर फायर झोंक दिया था जो उनके लैपटाप पर लगा था। बताया कि इन दिनों उन्हे फोन पर धमकाया जा रहा है और कुख्यात अपराधी सुनील राठी के नाम पर 50 लाख रूपये फिरोती की मांग की जा रही है। बता दें कि विगत वर्ष पीड़ित के शोरूम मोरातारा बदमाशों द्वारा डकैती की वारदात को भी अंजाम दिया गया था। मामले की गम्भीरता को समझते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। जांच के दौरान पुलिस टीमों द्वारा उक्त शोरूम पर हुयी डकैती की घटना के आरोपियों की भी पड़ताल की गयी लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। इस पर पुलिस टीम द्वारा ज्वैलर्स शोरूम मालिक पर हुए हमले कें सीसी टीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिये गये। जिस पर पुलिस को घटना में शामिल दो लोगों के सुराग मिल गये। जब इनकी जांच की गयी तो पता चला कि इस मामले में कई और बदमाश भी शामिल है। जिनकी कार का नम्बर पुलिस ने ट्रेस कर लिया। पता चला की यह कार प्रदीप कुमार पुत्र सुरेश निवासी रावली महदूद बहादराबाद के नाम पर रजिस्र्टड है। जिसकी खोजबीन की गयी तो मुख्य आरोपी प्रदीप कुमार को यह जानकारी हुयी कि पीड़ित द्वारा पुलिस को रंगदारी माँगने के सम्बन्ध में रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है जिस पर वह बौखला गया और और अपनी आपराधिक साख बचाने व वादी को सबक सिखाने के उद्देश्य से वह बीती रात अपने साथियों सहित हरिद्वार आ गया। जिन्हे पुलिस टीम द्वारा अस्लाहों सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में उन्होने अपना नाम प्रदीप चौहान पुत्र सुरेश सिंह निवासह नवादा चौहान थाना नहटौर जिला बिजनौर बताया। पुलिस के अनुसार प्रदीप इस घटना का मुख्य साजिशकर्ता है जो पहले वर्ष 2015 में थाना प्रेमनगर देहरादून से अपने सगे भाई अंकित व एक अन्य आरोपी के साथ डकैती के मामले में जेल जा चुका है। प्रदीप इण्डस्ट्रीयल कैमेस्ट्री से एम. एस.सी. है और पूर्व में ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स बुद्व बाजार मुरादाबाद में कर्लक के रूप में काम कर चुका है। इस दौरान वर्ष 2015 में डकैती में सम्मलित होने के कारण उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। प्रदीप द्वारा बताया गया कि इस घटना को अन्जाम देने के लिये उसने 6 लाख रूपये खर्च किया। जिसमें 40 हजार की एक पिस्टल व 10-10 हजार के 2 तंमचे, कनखल में किराये पर दो फ्लैट व उत्तम नगर दिल्ली में किराये पर एक फ्लैट पहले से ही छिपने के लिये ले लिया था। बताया कि उसे एक मुकदमें के सम्बन्ध में 50 लाख रूपये की जरूरत थी जिसके चलते उसने अपने साथियों सहित उक्त फिरौती की वारदात को अंजाम दिया था। वहीं अन्य आरोपियों के नाम सचिन प्रजापति पुत्र पंकज कुमार, कौशल कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह, अरूण कुमार पुत्र रणवीर सिंह व अंकुर कुमार पुत्र चन्द्रपाल सिंह बताये जा रहे है। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त कार हुण्डई, स्कूटी, पिस्टल, तमंचे व कई कारतूस भी बरामद किये गये है।

# केश ही होते हैं साधुओं का श्रृंगार

●लोकेन्द्र सिंह बिष्ट



बालों को सहेज कर रखना भी एक कला है। इस कला में महिलाओं को महारत हासिल होती है। लेकिन अपने देश मे साधु सन्यासी लोग बालों को सहेज कर रखने में महिलाओं से काफी आगे हैं। सामान्यत: बाल ज्यादा बढ़ जाएं तो अटपटा लगना, खुजली व दूसरी तरह की तमाम समस्याओं से सामना होता है लेकिन इधर उत्तरकाशी जिले के माँगलिसेरा गाँव के नागराजा मंदिर में वर्षों से एक साधु महाराज धूनी रमाये साधना में तल्लीन है। साधारण जीवन जीने वाले इन साधु महाराज के पास कुछ असाधारण है तो वो हैं इनके केश।

जी हां! इनकी दाढ़ी व बाल अनायास ही सबको अपनी ओर आकर्षित कर लेती हैं जब कभी ये महाराज बाल धोने के लिए इनको खोलते है। साधारणत: ये बालों को एक गुच्छे में बांधकर सर के ऊपर ही थामे रहते है। इनके केश असाधारण के साथ साथ अदभुत भी है और सबसे ज्यादा ध्यान खींचती हैं इनकी जटाएं। ये हैं स्वामी रमता राम जी, जो लंबे समय से मांगली सेरा बरसाली में निवास कर रहे है। एक समय ये साधु बाबा उत्तरकाशी के डोखरी के घनाघोर जंगलों में भी कई वर्षो तपस्या में लीन रहे। इनकी खासियत ये है कि 15 वर्ष तक ये मात्र फलाहार पर जिंदा रहे और आज भी स्नान बभूति से ही करते है इनके दाढ़ी व सिर के केश 15 से 20 फीट लंबे है। जिनकी देखभाल करने में इनको समय लगता है। किसी भी तरह का साबुन शैम्पू तेल के बिना इनके इतने लंबे केश तो कौतूहल के विषय ही है। विभिन्न तरीके से साज-सज्जा, जटाएं कुछ साधुओं की सबसे बड़ी पहचान होती हैं। इन मोटी-मोटी जटाओं की देख-रेख भी उतने ही जतन से की जाती है। काली मिट्टी से उन्हें धोया जाता है। सूर्य की रोशनी में सुखाया जाता है। लंबे बालों वाले ये साधु दशानन अटल सन्यासी कहलाते है।

## अवैध खनन में एक वाहन सीज

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने अवैध खनन के मामले में एक पिकअप वाहन को सीज कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कैण्ट कोतवाली पुलिस ने जेतनवाला के पास एक पिकअप वाहन को अवैध खनन के मामले में सीज कर वाहन चालक रईस खान पुत्र मौहम्मद इकबाल निवासी आमवाला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अनु तन्नो जास्पतिर्मंसीष्ट रत्नं देवस्य सवितुरियान:।
भगमुग्रोऽवसे जोहवीति भगमनुग्रो अध यति रत्नम्।

(ऋग्वेद ७-३८-६)

शासक को यह विश्वास करना चाहिए कि परमेश्वर की सृष्टि में उसको जो धन प्राप्त होता है। वह प्रजा की रक्षा और समृद्धि के लिए है।

The ruler must believe that the wealth he receives in God's creation. It is for the protection and prosperity of the people.
(Rig Veda 7-38-6)

# विधायक ने किया सीसी सड़क का उद्घाटन



संवाददाता

देहरादून। कैण्ट विधायक सविता कपूर ने कौलागढ में सीसी सडक का उद्घाटन किया।

आज यहां कैंट विधायक श्रीमती सविता कपूर ने वार्ड 31 कौलागढ़ में अंकित में सी सी सडक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्रीमती सविता कपूर ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान इस क्षेत्र के लोगो से मिली थी और सभी ने अनुरोध किया था कि जो आज शुरू हो गया है। वार्ड में और भी जगह कार्य होने है जो जल्द शुरू होंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बबलू बंसल, महानगर उपाध्यक्ष उदय सिंह पुंडीर, पार्षद समिध ा गुरुंग, महामंत्री सुमित पांडेय, शेखर नौटियाल, विजय गुप्ता, अरविंद नौटियाल, शरद शर्मा, बूथ अध्यक्ष रमा गौड, गरिमा कुकरेती, माया थापा, पुष्कर थापा, पवन डबराल आदि लोग मौजूद रहे।

## टैम्पों की चपेट में आकर बाईक सवार की मौत

संवाददाता

देहरादून। टैम्पो की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतक की पत्नी की तहरीर पर टैम्पों चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन्दिरा नगर निवासी अनिता ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पति पवन कुमार अपनी मोटरसाईकिल से घर की तरफ आ रहे थे जब वह आरटीओ कार्यालय के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे टैम्पों ने उनको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिनको स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



# दो किमी मिसिंग लिंक निर्माण न होने के कारण आपस में नहीं जुड़ पाये दर्जनों गांव

संवाददाता

रुद्रप्रयाग। दशज्यूला गांव से दो किलोमीटर मिसिंग लिंक निर्माण न होने के कारण वर्षो से दर्जनों गांव आपस में नहीं जुड पाये है।

चोपड़ा-उडामांडा मोटर मार्ग को कोटखाल-जागतोली मोटर मार्ग से जोड़ने की दशज्यूला वासियों की मॉग महज दो किमी मिसिंग लिंक निर्माण न होने के कारण वर्षों से अधर में लटकी है। बैंजी कांडई प्रधान श्रीमती हेमा कांडपाल व क्षेत्र पंचायत सदस्य सरताज सिंह का कहना है कि जनप्रतिनिधियों व प्रशासन से साल दर साल मिल रहे कोरे आश्वासनों के बाबजूद क्षेत्र के दर्जनों गॉवो को आपस में जोड़ने के लिये महज दो किमी सड़क न कटने से ग्रामीण काफी आहत है। उन्होनें कहा कि दरअसल प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत दशज्यूला मोटर मार्ग जरम्वाड़-बनवालधार-बैंजी कांडई की अनुसूचित जाति बस्ती तक निर्मित है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2015-16 में जिला योजना से स्वीकृत होने के बाद भी करीब 2 कि.मी.मोटर मार्ग आज तक नहीं बन पाया। इस दो किमी मिसिंग लिंक बनने से एक ओर कोटखाल- जागतोली मोटर मार्ग व कारगिल शहीद सुनीत दत्त कांडपाल रुद्रप्रयाग-उडामांडा सड़क आपस में जुड़ जायेगी इससे शहीद के गांव व समस्त दशज्यूला क्षेत्र सहित चोपता, घिमतोली, गौचर, सारी, मालकोटी आदि दर्जनों गांव भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि वर्षो से क्षेत्रवासी दोनो सड़कों को आपस में जोड़ने की मॉग कर रहे है। अभी तक सड़क निर्माण न होने से उक्त गांवों का आपस में संम्पर्क नहीं हो पाता व क्षेत्र में आने-जाने हेतु करीब 75 से 80 कि.मी. की दूरी तय करनी होती है । जिसके कारण ग्रामीणों में रोष ब्याप्त है। शासन-प्रशासन की निष्क्रियता के चलते अभी तक 2 किमी सड़क निर्माण न होने से ये दर्जनों गांव आपस में जुड़ नहीं पाए हैं। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही स्वीकृत मोटर मार्ग पर कार्य शुरू नहीं किया गया तो समस्त क्षेत्र वासियों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पडेगा।

# जितना मनुष्य दुःखी उतना एकाकी हो जाता हैः आचार्य ममगाईं

संवाददाता

देहरादून। शिव महापुराण के छठवें दिन कथा का सार समझाते हुए आचार्य शिवप्रसाद ममंगाई ने कहा कि मनुष्य जितना दु:खी होता है उतना ही एकाकी हो जाता है।

आज यहां अजबपुर खुर्द शिवशक्ति मन्दिर में सरस्वती विहार विकास समिति के द्वारा आयोजित शिवपुराण के छटवें दिन प्रसिद्ध कथावाच आचार्य शिवप्रसाद ममगांई नें कही हम भारतवासी स्वतन्त्र विचारों के पुजारी हैं इसलिए यहां माथे पर टिका बिन्दी लगाई जाती यह बुद्धी का प्रतीक है हम स्वतंत्र विचार व बुद्धिमान लोगों को पूजते हैं। आचार्य ममगांई ने कहा कि अभिषेक करनें की परम्परा हमारे भारतीय तत्व चिंतन में है कि पांच तत्वो से बना शरीर में जल तत्व पूर्त होता है हमारे यहां हर जगह पूरा संसार अपितु पाताल से लेकर मोक्ष तक जिस अक्षर की सीमा नही ब्रम्हा आदि देवता भी जिस अक्षर का सार न पा सके उस आदि अनादी से रहित निर्गुण स्वरुप के स्वरुप में विराजमान जो अदितीय शक्ति भूतभावन कालो के भी काल गंगाधर भगवान महादेव को प्रणाम करते है। संसार में ऐसी कोई वस्तु , कोई भी वैभव , कोई भी सुख , ऐसी कोई भी वास्तु या पदार्थ नही है जो हमें अभिज़ेक से प्राप्त न हो सके।

आज विशेष रूप से समिति के अध्यक्ष पंचम सिंह बिष्ट, गजेंद्र भंडारी, बी एस चौहान कैलाश तिवारी, विजय सिंह रावत, अनूप सिंह फर्त्याल, शिव शक्ति मंदिर मंदिर संयोजक मूर्ति राम बिजलवान, दिनेश जुयाल, सोहन सिंह रौतेला, मंगल सिंह कुट्टी, पी एल चमोली, मानवेंद्र सिंह रावत, पुष्कर सिंह नेगी, कैलाश रमोला, आशीष गुसाईं, दीपक काला, नितिन मिश्रा, पुष्कर सिंह गुसाईं, गिरीश डियौडी, वेद किशोर शर्मा, आदि उपस्थित थे।

# गोल्डन कार्ड की विसंगतियों के बारे में मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अपर सचिव वित्त को अवगत कराया

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। राज्य निगम कर्मचारी अधिकारी महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गोसाई एवं महासचिव बी एस रावत एवं उत्तराखंड जल संस्थान कर्मचारी संगठन संयुक्त मोर्चा के मुख्य संयोजक रमेश बिंजोला के नेतृत्व में गोल्डन कार्ड की विसंगतियों के संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अपर सचिव वित्त अरुणेंद्र सिंह चौहान से वार्ता की गई।



वार्ता में निगम एवं उत्तराखंड जल संस्थान एवं स्थानीय निकायों के कार्मिकों को गोल्डन कार्ड की सुविधाएं अनुमन्य कराए जाने के संबंध में आ रही परेशानियों एवं समस्याओं के संबंध में अवगत कराया गया। उनके द्वारा प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया गया कि 9 एवं 10 अगस्त 2022 को विभाग बार संबंधित कार्मिकों को निदेशालय में अभिलेखों सहित बुलाया जाएगा तथा साथ ही यह भी आश्वस्त किया गया कि शीघ्रता शीघ्र राज्य कर्मचारियों की भांति निगमों एवं निकायों एवं उत्तराखंड जल संस्थान के कार्मिकों को भी सुविधा प्रदान की कार्यवाही की जाएगी साथ ही संबंधित को संगठन के पदाधिकारियों को अवगत कराने हेतु भी निर्देशित किया गया।

वार्ता में प्रतिनिधि मंडल द्वारा अपर सचिव वित्त को यह भी अवगत कराया गया है कि वेतन समिति द्वारा शासन को उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट पर भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है जिसमें अपर सचिव द्वारा शीघ्र ही प्रतिनिधि मंडल को कार्रवाई करने तथा पुणे वार्ता आमंत्रित करने हेतु आश्वासन दिया गया प्रतिनिधिमंडल में जल संस्थान के संयुक्त मोर्चा के संयोजक श्याम सिंह नेगी मीडिया प्रभारी संदीप मल्होत्रा सह संयोजक धन सिंह चौहान संयोजक प्रवीण गुसाई संयोजक जगमोहन सिंह बिष्ट वन निगम के टी एस बिष्ट आदि उपस्थित थे।

# घर के बाहर खडी स्कूटी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर के बाहर खडी स्कूटी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंज विहार निवासी शैलेन्द्र कुमार ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी स्कूटी घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद बाहर आया तो उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



देवाधिदेव 1008 भगवान श्री पार्शवनाथ जी के निर्वाण कल्याणक महोत्सव पर 23वें तिर्थंकर जी को समर्पित, 23 किलो के लड्डू के भोग के लिए दान दाताओं में की बोली की प्रथा है, जिसमे सुधीर जैन (दून सांईटिफिक इन्सटूमेन्ट कं०) के द्वारा एक लाख इक्यावन हजार की सबसे अधिक की बोली ली गई। यह राशी जैन मंदिर के निर्माण के लिये उपयोग की जायेगी, जिसमें परिवार के सभी सदस्य को जैन मुनि श्री समर्पण सागर जी महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

# चोरी के माल सहित दो शातिर दबोचे

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। अम्बा फैक्ट्री से हीरो मोटर साईकिल के वाइजर की पेटी व ठेकेदार श्रमिक का मोबाईल फोन चोरी करने वाले दो शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चुराया गया माल भी बरामद किया है।




जानकारी के अनुसार बीते रोज राजीव वत्स प्रबन्धक मानव संसाधन एंव प्रशाधन प्रतिनिधि श्री अम्बा इंडस्ट्रीज भगवानपुर द्वारा भगवानपुर थाने में तहरीर देकर बताया गया कि हमारी कम्पनी श्री अम्बा इंडस्ट्रीज लकेश्वरी, भगवानपुर में स्थित है, 3 अगस्त को हमारी कम्पनी के वेयरहाउस से हीरो स्प्लेण्डर मोटर साईकिल के वाइजर की एक पेटी चोरी हो गयी है, जिसमें कुल 5 वाइजर पैक किये जाते है तथा उसी दिन एक ठेकेदार श्रमिक दीपक कुमार पुत्र विक्रम सिंह निवासी ग्राम बेलकी मसाही, जो शिवम मैनपावर सर्विसेज हरिद्वार के अंतर्गत हमारे ग्राफिक सेक्शन में कार्य करता है, का मोबाइल भी अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर लिया गया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस टीम द्वारा कल देर शाम एक सूचना के बाद उक्त चोरी में शामिल विकास कुमार पुत्र विजेंद्र कुमार निवासी ग्राम ढाकादेवी थाना ननौता जनपद सहारनपुर व रोहित पुत्र सुबे सिंह निवासी ग्राम भाभरी थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर को एक मोबाईल फोन रेडमी कम्पनी व एक गत्ते की पेटी जिसमें 05 वाईजर थे के साथ ग्राम खुब्बनपुर को जाने वाली दूध फैक्ट्री के सामने से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हम दोनो अम्बा फैक्ट्री भगवानपुर में श्रमिक का कार्य करते है जहां पर मोटर साईकिल के वाईजर (पार्टस) बनते है, तथा पेटी में पेक किये जाते है जो मंहगे दामों में बिकते है। हम दोनो ने मिलकर पेटियों को चुराने की योजना बनायी थी और 3 अगस्त को जब हम फैक्ट्री में काम करने के लिए आये तो हमने एक पेटी को फैक्ट्री की दीवार से बाहर फेंक दी थी व विकास ने एक ठेकेदार श्रमिक का मोबाइल भी चुरा लिया था फिर हमारी शिफ्ट खत्म होने के बाद हम दोनो इस पेटी को विकास के कमरे में ले गये थे जिसको हम आज कबाड़ियों को बेचने के लिए जा रहे थे कि हमे पुलिस ने पकड़ लिया। बहरहाल पुलिस ने उन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने की एसएसपी से शिष्टाचार भेंट



संवाददाता

देहरादून। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष मनमोहन कण्डवाल के साथ एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर से शिष्टाचार भेंट कर पुलिस के कार्यो की सराहना की।

आज यहां बार एसोसिएशन के पदाधिकारी पुलिस कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर से शिष्टाचार भेंट कर पुष्पगुंच्छ दिये। इस अवसर पर बार एसोसिएशन पदाधिकारियो के द्वारा एसएसपी को कार्यभार सम्भालने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने पुलिस द्वारा यातायात सुधार व नशे के विरूद्ध किये जा रही कार्यवाही पर सराहना करते हुए बार एसोसिएशन द्वारा उनका पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसएसपी ने उनका आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में इसी प्रकार आपसी सहयोग के साथ कार्य करने अपेक्षा की। भेंट करने वालों मे अध्यक्ष मनमोहन कण्डवाल, सचिव अनिल शर्मा, उपाध्यक्ष भानू प्रसाद सिसोदिया, संयुक्त सचिव कपिल अरोड़ा, सदस्य राहुल अमोली, दीपक त्यागी, लाइब्रेरियन सुभाष परमार, सदस्य सुभाष बहुगुणा, निशा रावत, मधु नेगी शामिल थे।

# तीन तलाक बोलने पर पति सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। विवाहिता के साथ मारपीट कर उसको तीन तलाक बोलकर छोडने पर पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेलीवाला निवासी महिला ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका विवाह गांव के ही शाहिद अली के साथ हुआ था। उसने बताया कि विवाह के कुछ दिनों बाद से ही उसका पति व उसके भाई मुमताज व सत्तार उसको दहेज के लिए परेशान करने लगे तथा उसके साथ गाली गलौच मारपीट करते थे। वह किसी तरह से उनकी मारपीट का सहन कर रही थीं। गत दिवस उसके पति व उसके भाईयों ने उसके साथ मारपीट कर उसको घर से निकाल दिया तथा उसके पति के द्वारा उसको तीन तलाक बोलकर घर से भगा दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## बारिश में डामरीकरण कार्य रोका जाए

नैनीताल (आरएनएस)। ओखलकांडा ब्लॉक के टांडा गांव के ग्रामीणों ने खनस्यूं-टांडा मोटर मार्ग पर बरसात के समय हो रहे डामरीकरण को रुकवाने के लिए डीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामसभा टांडा के ग्रामीणों ने मदन परगाई के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि खनस्यूं-टांडा मोटर मार्ग पर बरसात के दिनों में डामरीकरण का कार्य शुरू किया गया है। लगातार बरसात के बीच डामरीकरण करना ठेकेदार की मनमानी है। डामरीकरण के वक्त विभाग का कोई भी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद नहीं रहता है। बताया कि खनस्यूं-टांडा मोटर मार्ग में अभी कई अनियमितताएं हैं। पहले पक्की नालियां, सुरक्षा दीवार और कौज कलमठ का निर्माण कराया जाए, उसके बाद डामरीकरण हो।

## उच्च शिक्षा मंत्री का उल्टा झंडा बना चर्चा... ▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि हरिद्वार जिला सूचना कार्यालय द्वारा भी उनकी यही तस्वीर जारी की गई है जिसमें वह उल्टा झंडा लेकर मंच पर खड़े हैं। जबकि अन्य सभी ने सीधा झंडा पकड़ा हुआ है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# पाइलेट्स बनाम एरोबिक्स: किस एक्सरसाइज का चयन है ज्यादा बेहतर



रोजाना कुछ मिनट एक्सरसाइज करने से कई तरह के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से से जुड़े लाभ मिल सकते हैं और यह बात लगभग हर कोई जानता है, इसलिए अधिक से अधिक लोग फिटनेस फ्रीक बनते जा रहे हैं। वैसे लोगों के बीच आजकल एरोबिक और पाइलेट्स नाम की दो एक्सरसाइज काफी ट्रेंड में हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से किसे चुनना ज्यादा अच्छा है? चलिए फिर आज हम आपकी सही एक्सरसाइज चुनने में मदद करते हैं।

एरोबिक्स क्या है?

एरोबिक्स एक्सरसाइज को कार्डियो के रूप में भी जाना जाता है, जिससे हृदय में ऑक्सीजन युक्त रक्त को पंप करने की जरूरत होती है ताकि काम करने वाली मांसपेशियों को ऑक्सीजन पहुंचाया जा सके। इसके अतिरिक्त, एरोबिक अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाती है। यह रक्त शर्करा के स्तर को कम करती है और मोटापे से भी बचाती है। एरोबिक एक्सरसाइज के तौर पर आप अपने रूटीन में स्वीमिंग, जॉगिंग, साइकिलिंग और रस्सी कूदना आदि को शामिल कर सकते हैं।

पाइलेट्स क्या है?

पाइलेट्स एक्सरसाइज का एक रूप है, जिसे जोसेफ पाइलेट्स ने नर्तकियों और एथलीटों की चोट को जल्दी ठीक करने के लिए बनाया था। इसमें कई ऐसे मूवमेंट्स शामिल हैं, जो आपके कोर को स्थिर और मजबूत करते हैं। यह नॉन-कार्डियो वर्कआउट आपके शरीर को लचीलापन और जोड़ों की गतिशीलता बढ़ाने में मदद कर सकता है। पाइलेट्स में कैलीस्थेनिक्स, योग और बैले जैसी एक्सरसाइज शामिल हैं, जिनका अगर रोजाना 20-25 मिनट अभ्यास किया जाए तो कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।



एरोबिक्स और पाइलेट्स के बीच अंतर

एरोबिक एक्सरसाइज एक तेज गति वाला वर्कआउट है, जिसमें जॉगिंग, तैराकी, साइकिल चलाना आदि शामिल हैं, जो हृदय गति को बढ़ाते हैं। पाइलेट्स एक्सरसाइज पेट पर नियंत्रण के साथ धीमी गति से किया जाने वाला वर्कआउट है और इसमें शामिल एक्सरसाइज को करते समय व्यक्ति का पूरा ध्यान अपनी सांस पर होना चाहिए। साफ शब्दों में कहें तो एरोबिक्स एक्सरसाइज उच्च ऊर्जा और तीव्र होती हैं, जबकि पाइलेट्स एक्सरसाइज आमतौर पर बैठकर या लेटकर धीमी गति में की जाती है।

एरोबिक और पाइलेट्स के बीच समानताएं

समग्र स्वास्थ्य में सुधार के लिए एरोबिक्स और पाइलेट्स दोनों ही शानदार हैं। ये आपकी शारीरिक ताकत को बढ़ाती हैं, मांसपेशियों को मजबूती प्रदान करती हैं और तेजी से कैलोरी बर्न करने में सहायक हैं। हालांकि, एक्सरसाइज के इन दोनों रूपों के लिए एक प्रशिक्षक का होना जरूरी है। अगर आप नियमित रूप से अभ्यास करते हैं तो दोनों ही एक्सरसाइज के रूप आपको स्वस्थ बनाए रखने में काफी मदद कर सकते हैं।

एरोबिक और पाइलेट्स में से किसका चयन करना है ज्यादा बेहतर?

अगर आपका लक्ष्य वजन घटाना है तो एरोबिक व्यायाम आपके लिए एक बेहतर विकल्प है क्योंकि यह आपकी हृदय गति को बढ़ाती है, जिससे आप अधिक से अधिक कैलोरी बर्न कर सकते हैं। वहीं, कोर स्ट्रेंथ और मसल टोन को बेहतर बनाने के लिए पाइलेट्स बेहतर विकल्प है। धीमी गति वाली इस एक्सरसाइज यह सुनिश्चित होता है कि शरीर के सभी अंग प्रभावित हों, जिससे मांसपेशियों को बेहतर मजबूती मिले। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -16


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 15 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | | स | र | ग | म | |
| त्री | | सी | | | क्षा | | धु | र्रा |
| | सा | ह | स | | | | र | |
| स्वा | ग | त | | स | म | झौ | ता | |
| व | र | | | र | | | | म |
| लं | | वि | ला | स | | | दा | म |
| बी | न | | ज | | सा | मा | न | ता |
| | ज | | वा | हि | या | त | | |
| त | र | की | ब | | ना | | खा | ली |

# हिट 2 की फाइनल शूटिंग में शामिल होने से पहले ब्रेक लेंगे आदिवी शेष

मेजर फिल्म अभिनेता आदिवी शेष ने कहा है कि वह अपनी आगामी तेलुगु फिल्म हिट 2 के अंतिम शेड्यूल में शामिल होने से पहले एक संक्षिप्त ब्रेक लेने का इरादा रखते हैं। सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किए गए एक बयान में, आदिवी शेष ने कहा, नमस्ते, सबसे पहले, मेजर को एक असाधारण सफलता बनाने के लिए धन्यवाद। यह वास्तव में एक अविश्वसनीय यात्रा रही है।मैं मेजर की रिलीज के ठीक बाद हिट 2 पर वापस आने वाला था और शूटिंग का आखिरी शेड्यूल पूरा करने वाला था। हालाँकि, मेजर संदीप उन्नीकृष्णन की कहानी को दुनिया के कोने-कोने तक ले जाने की मेरी अडिग प्रतिबद्धता के कारण, मैं शारीरिक और भावनात्मक रूप से थक गया हूं। इसलिए मैंने नैचुरल स्टार नानी और डॉ. शैलेश से एक ब्रेक के लिए अनुरोध किया था, इससे पहले कि मैं वापस आ सकूं और हिट 2 के अंतिम शूटिंग शेड्यूल को पूरा कर सकूं, जिस पर उन्होंने सहमति व्यक्त की है। हम आपको बहुत जल्द हिट 2 की धमाकेदार रिलीज के बारे में अपडेट देंगे। समझने के लिए धन्यवाद। साभार, आदिवी शेषडॉ. शैलेश कोलानु द्वारा लिखित और निर्देशित, फिल्म का निर्माण प्रशांति टिपिरनेनी द्वारा किया जा रहा है और अभिनेता नानी द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

# वरुण धवन ने अगले शेड्यूल लोकेशन की घोषणा की

बॉलीवुड स्टार वरुण धवन और जाह्ववी कपूर अभिनीत बवाल फिलहाल फ्लोर पर है। यह पहली बार होगा जब वरुण और जान्हवी एक साथ काम करेंगे। फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में वरुण धवन का एक वीडियो जारी किया है, जिसमें अभिनेता को बवाल के अगले शेड्यूल के लोकेशन की घोषणा करते देखा जा सकता है। सोशल मीडिया पर फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने वरुण धवन का एक वीडियो साझा किया। वीडियो में वरुण कहते हैं कि उनके साथ बवाल की टीम अब अगले शेड्यूल की शुरूआत के लिए वारसॉ, पोलैंड जाएगी। सोशल मीडिया पोस्ट पर कैप्शन में लिखा है, अगला पड़ाव - वारसॉ टाइम फॉर सम मोर बवाल हैशटैग-साजिदनाडियाडवाला की हैशटैग-बावाल डायरेक्शन एट-नीतेश तिवारी 22 । वीडियो में, वरुण जैसे ही ट्रेन में चढ़ते हैं, उन्हें एक बूढ़े जोड़े को नमन करते हुए और फैन से हाथ मिलाते हुए देखा जा सकता है। नाडियाडवाला ग्रैंडसन के बैनर तले साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित बवाल को दंगल फेम नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। यह फिल्म 7 अप्रैल, 2०23 को सिनेमाघरों में उतरेगी।

# शशिकुमार स्टारर कॉमन मैन का नाम बदलकर नान मिरुगमाई मारा रखा गया

निर्देशक सत्यशिव की आगामी एक्शन एंटरटेनर कॉमन मैन के शीर्षक को अब बदलकर नान मिरुगमाई मारा कर दिया गया है। इसमें अभिनेता शशिकुमार और हरिप्रिया मुख्य भूमिका में हैं। एक बयान में, फिल्म का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन हाउस, चंदूर फिल्म इंटरनेशनल ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की कि उन्होंने कुछ विवादों के कारण कॉमन मैन से नान मिरुगमाई मारा का शीर्षक बदल दिया। विक्रांत को खलनायक के रूप में पेश करने वाली फिल्म से उम्मीदें तब से बढ़ गई थीं, जब यूनिट ने विक्रांत के चरित्र पर एक छोटा वीडियो क्लिप जारी करने का फैसला किया, जिसका शीर्षक था, शैतान की झलक। उनकी भूमिका के बारे में बताते हुए, टीम ने तब कहा था, हर कहानी में एक खलनायक है लेकिन हमारे पास एक शैतान है और शैतान की झलक का अनावरण किया गया हैफिल्म, जिसे चंदूर फिल्म्स इंटरनेशनल के टी डी राजा द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है, में घिबरन ने अपना संगीत दिया है। फिल्म का छायांकन राजा भट्टाचार्जी कर रहे हैं और इसका संपादन श्रीकांत एन बी कर रहे हैं।

# एंड्रिया जेरेमिया-स्टारर पिसासु 2 31 अगस्त को आएगी स्क्रीन पर

निर्देशक माईस्किन की बहुप्रतीक्षित हॉरर थ्रिलर पिसासु 2, जिसमें अभिनेत्री एंड्रिया जेरेमिया मुख्य भूमिका में हैं, इस साल 31 अगस्त को रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन हाउस रॉक फोर्ट एंटरटेनमेंट ने घोषणा करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। इसने कहा, भगवान गणेश के आशीर्वाद से, पिसासु 2 31 अगस्त को विनायक चतुर्थी पर दुनिया भर में रिलीज होगी। मुख्य भूमिका निभाने वाली एंड्रिया ने भी रिलीज की तारीख की पुष्टि की। उसने कहा, क्या आप प्रेतबाधित होने के लिए तैयार हैं निर्देशक माईस्किन की पिसासु 2 विनयगर चतुर्थी, 31 अगस्त 2०22 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

फिल्म, जिसमें अभिनेता विजय सेतुपति, पूर्णा और संतोष प्रताप भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगे, का लेखन और निर्देशन मैस्किन ने किया है। कई कारणों से इस फिल्म से उम्मीदें आसमान छू रही हैं। पिसासु आई एक जबरदस्त सफलता थी और हॉरर जॉनर के प्रेमियों ने पिसासु 2 में मैस्किन से बेहतर नहीं तो कुछ इसी तरह की उम्मीद करना शुरू कर दिया है। (आरएनएस)

# अक्षय कुमार की सेल्फी 24 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी



दिग्गज अभिनेता अक्षय कुमार एक साथ कई फिल्मों के प्रोजेक्ट पर काम करते हैं। कुछ समय पहले उन्होंने अपनी फिल्म सेल्फी का ऐलान किया था। इसमें उनके साथ इमरान हाशमी भी नजर आएंगे। यह मलयालम फिल्म ड्राइविंग लाइसेंस की हिंदी रीमेक है। इसके निर्देशन का जिम्मा राज मेहता ने संभाला है। अब मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। अक्षय की सेल्फी अगले साल 24 फरवरी को सिनेमाघरों में दर्शकों के बीच आएगी।

मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है। जाने-माने समीक्षक तरण आदर्श ने फिल्म की रिलीज डेट से संबंधित जानकारी शेयर की है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, अक्षय और इमरान अभिनीत फिल्म सेल्फी मलयालम फिल्म ड्राइविंग लाइसेंस की आधिकारिक रीमेक है और यह 24 फरवरी, 2०23 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नुसरत भरूचा और डायना पेंटी फिल्म की को-स्टार होंगी। बता दें कि ऑरिजनल फिल्म को भी दर्शकों का खूब प्यार मिला था।

सेल्फी को करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस प्रोड्यूसर कर रही है। साउथ सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म को प्रोड्यूस करने में सहयोग करेंगे। ड्राइविंग लाइसेंस की अवधारणा एक पुलिस वाले और एक सुपरस्टार के इर्दगिर्द घूमती है। इसमें एक पुलिस वाला उस सुपरस्टार का बहुत बड़ा प्रशंसक होता है। संघर्ष तब बढ़ जाता है, जब सुपरस्टार पुलिस वाले के साथ दुर्व्यवहार करता है। इसी के इर्दगिर्द फिल्म की कहानी घूमती है।

यह अक्षय के साथ नुसरत की दूसरी फिल्म होगी। अक्षय और नुसरत पहली बार फिल्म राम सेतु में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस द्वारा किया जा रहा है। फिल्म के निर्देशन का जिम्मा अभिषेक शर्मा को सौंपा गया है। फिल्म इस साल दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अक्षय फिल्म में एक पुरातत्वविद की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में नुसरत, अक्षय की पत्नी की भूमिका में दिखेंगी।

ड्राइविंग लाइसेंस 2०19 में रिलीज हुई थी। इसमें पृथ्वीराज ने एक फिल्म सुपरस्टार की भूमिका निभाई, जबकि सूरज वेंजारामूडु ने एक मोटर इंस्पेक्टर का किरदार अदा किया था। एक गलतफहमी की वजह से दोनों एक-दूसरे के जीवन को तबाह करने की कोशिश करते हैं। अगले साल फरवरी में कई फिल्में दस्तक देने वाली हैं। 1० फरवरी को ही कार्तिक आर्यन की शहजादा रिलीज होगी। यह तेलुगु फिल्म अला वैकुंठपुरमलो की हिंदी रीमेक है।करण जौहर के निर्देशन की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की रिलीज डेट भी 1० फरवरी को निर्धारित की गई है। इसमें रणवीर सिंह और आलिया भट्ट रोमांस करते हुए नजर आएंगे। हालांकि, इस फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन होने की खबरें भी सामने आई हैं।

# तमन्ना अभिनीत बबली बाउंसर 23 सितंबर को होगी रिलीज





दक्षिणी सिनेमा की जानी मानी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली फिल्म बबली बाउंसर 23 सितंबर को रिलीज होने वाली है। यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर हिंदी, तमिल और तेलुगू में डिजिटल रूप से रिलीज होगी।

अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर फिल्म से अपना पहला लुक भी साझा किया है। सामने आई तस्वीरों में से एक तस्वीर में तमन्ना एक बाउंसर अवतार में दिखाई दे रही हैं, क्योंकि उन्होंने पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहनी हुई है और अपनी दरवाजे के सामने खड़ी हैं।

इस फोटो में कैप्शन में लिखा है, ओए बवाले सुना क्या? आ गया है बबली बाउंसर का टाइम! दिलों को ये जोड़ेगा, ये खूब हदियां तोडेगा? पता चलेगा जल्द ही !उत्तर भारत के वास्तविक बाउंसर टाउन असोला फतेहपुर में सेट-ऑफ-लाइफ कॉमेडी टोन के साथ आने वाले युग की अच्छी कहानी है।

स्टार स्टूडियोज और जंगली पिक्चर्स द्वारा निर्मित, बबली बाउंसर मधुर भंडारकर द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया के साथ सौरभ शुक्ला, अभिषेक बजाज और साहिल वैद प्रमुख भूमिकाओं में हैं। (आरएनएस)

# मैं एक समय में एक फिल्म पर ध्यान देता हूं : विजय देवरकोंडा



तेलुगू सुपरस्टार विजय देवरकोंडा, जो फिल्म लिगर के साथ एक अखिल भारतीय स्टार के रूप में अपनी शुरुआत कर रहे हैं, का कहना है कि जितना उन्हें अधिक फिल्में करना पसंद है, वह मल्टी-टास्किंग में खराब हैं और एक समय में एक फिल्म पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

फिल्म के अनुभव को लेकर विजय ने कहा, ईमानदारी से, मैं मल्टी-टास्किंग में वास्तव में खराब हूं। मैं एक समय में एक ही चीज पर ध्यान केंद्रित कर सकता हूं, अन्यथा अगर मैं अपनी प्लेट पर बहुत अधिक लेता हूं, तो भ्रमित हो जाता हूं, यह मेरी क्षमता में नहीं है।

इसलिए मैं एक बार में केवल एक ही फिल्म करूंगा।विजय द्वारा निभाए गए लिगर नायक को भाषण की समस्या है, जिसने अभिनेता के अनुसार, चरित्र में एक और परत जोड़ दी। विजय ने कहा, फिल्म में मेरे किरदार में हकलाने की समस्या है और इसने इसे और दिलचस्प बना दिया है।

एक तरफ, वह वह लड़का है जो शारीरिक रूप से इतना मजबूत है और दूसरों को डराता है, वह एक लड़ाकू है, लेकिन वह जिस लड़की से प्यार करता है, उसे आई लव यू के तीन सरल शब्द भी नहीं बोल सकता।इसने उनके चरित्र में सूक्ष्म हास्य और भावनात्मक परत दोनों जोड़े।

शुरू में, जब हमने शूटिंग शुरू की, तो मैं सही नोट पाने के लिए संघर्ष कर रहा था, लेकिन तीन दिनों के बाद, सब कुछ आसान था।बहुचूचत फिल्म लिगर में अनन्या पांडे, राम्या कृष्णन, रोनित रॉय और माइक टायसन भी एक विशेष भूमिका में हैं। फिल्म 25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।(आरएनएस)

# देश की जलभृत प्रणालियों के मानचित्रण और प्रबंधन के लिए एक पहल

सुबोध यादव

भूजल संसाधन, भारतीय कृषि की जीवन रेखा है और 135 करोड़ लोगों की पेयजल जरूरतों को पूरा करने की कुंजी है। यह हमारे पैरों के नीचे एक छिपा हुआ खजाना है, जिसे देखा नहीं जा सकता है, लेकिन इसका हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है। भारत भूजल संसाधनों का सबसे अधिक दोहन करने वाला देश है। बढ़ती आबादी के साथ पानी की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए, पिछले कुछ वर्षों में भूजल दोहन में हुई वृद्धि से देश के कई हिस्सों में जल व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। कई क्षेत्रों में अति-दोहन हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप जल स्तर नीचे जाने जैसी समस्याएँ सामने आयीं हैं। बढ़ते मानवजनित संदूषण के कारण कई क्षेत्रों में भूजल संसाधनों की पहले से ही गंभीर स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। दूसरी तरफ, भूजल संसाधनों का कम दोहन करने वाले कई क्षेत्र हैं, जहां स्थिति में सुधार करने की संभावनाएँ मौजूद हैं। यह भूजल प्रबंधन के सामने एक विशेष तरह की चुनौती पेश करता है, जिसके लिए साक्ष्य-आधारित पहल की आवश्यकता है।

तदनुसार, %सतत भूजल प्रबंधन% पर 12वीं योजना के कार्य-समूह ने भारत के जलभृत या भूजल भण्डार व प्रवाह संरचना के व्यापक मानचित्रण की आवश्यकता को रेखांकित किया है, जो किसी भी भूजल प्रबंधन कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। इसके साथ ही, विभिन्न जल-भूविज्ञान स्थितियों के तहत भूजल के विकास के लिए वैज्ञानिक योजना तैयार की जाती है और बेहतर भूजल प्रशासन के लिए समुदाय की भागीदारी के साथ प्रभावी प्रबंधन प्रथाओं को विकसित किया जाता है। इसलिए जल संसाधन मंत्रालय (वर्तमान में जल शक्ति मंत्रालय) ने 2012 में राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण और प्रबंधन कार्यक्रम (एनएक्यूयूआईएम) की शुरुआत की थी। एनएक्यूयूआईएम, देश में भूजल संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन में सहायता के लिए जलभृत प्रबंधन के सन्दर्भ में दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। यह जल प्रबंधन रणनीति विकसित करने के लिए जलभृतों के वैज्ञानिक चित्रण, उनका मानचित्रण करने और एक व्यावहारिक जल प्रबंधन रणनीति विकसित करने के क्रम में मुद्दों का मूल्यांकन करने के लिए बहु-विषयक अध्ययनों पर ध्यान केंद्रित करता है। जलभृत मानचित्रण, उचित पैमाने पर मजबूत भूजल प्रबंधन योजनाओं को सक्षम बनाएगा और इन साझा संसाधनों के लिए योजनाओं के बारे में परामर्श देगा और उन्हें कार्यान्वित भी करेगा।

एनएक्यूयूआईएम जलभृत के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए एक अग्रणी कार्यक्रम है, जिसमें बड़े पैमाने पर डेटा एकत्र और विश्लेषित किये जाते हैं। एनएक्यूयूआईएम अध्ययनों के आधार पर तैयार किये गए 3-डी जलभृत मॉडल, भूजल संसाधनों के सटीक मूल्यांकन और प्रबंधन के लिए नई जानकारी प्रदान करते हैं। इस कार्यक्रम के तहत विकसित किए गए जलभृत मानचित्र और प्रबंधन योजनाओं को केंद्रीय भूजल बोर्ड के पेशेवर जल-भूवैज्ञानिकों द्वारा किये गए व्यापक क्षेत्र सर्वेक्षण का समर्थन मिला है। इसके अलावा, जलभृत मानचित्र तैयार करने के क्रम में भूवैज्ञानिक, भूभौतिकीय, जल विज्ञान और जल गुणवत्ता सर्वेक्षण, जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाता है। एनएक्यूयूआईएम की अवधारणा केवल मानचित्रण से जुड़ी नहीं है, बल्कि यह लक्ष्य - सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से भूजल प्रबंधन - तक पहुँचने का साधन है। प्रबंधन योजनाओं को अंतिम रूप देने से पहले तीन स्तर पर समीक्षा की जाती है, जिसमें राष्ट्रीय स्तर की विशेषज्ञ समिति (एनएलईसी) द्वारा की जाने वाली समीक्षा भी शामिल है। योजनाओं में कृत्रिम तरीके से पुनर्भरण के लिए संभावित क्षेत्र एवं जल संचयन के लिए निर्मित की जाने वाली उपयुक्त अवसंरचनाओं का उल्लेख किया जाता है। पूरे देश के लगभग 33 लाख वर्ग किमी के कुल भौगोलिक क्षेत्र में से, लगभग 25 लाख वर्ग किमी क्षेत्र की पहचान की गयी है, जिसे एनएक्यूयूआईएम कार्यक्रम के तहत विभिन्न चरणों में कवर किया जायेगा। मानचित्रण के योग्य कुल क्षेत्र के 88 प्रतिशत से अधिक भू-भाग को पहले ही जलभृत मानचित्रण कार्यक्रम के तहत कवर किया जा चुका है और शेष क्षेत्र को मार्च, 2023 तक कवर कर लिया जायेगा। यह कार्यक्रम, हमारे समुदायों को बहुमूल्य भूजल संसाधनों का वैज्ञानिक रूप से प्रबंधन करने और इनका जिम्मेदारी से उपयोग करने के लिए ठोस आधार प्रदान करता है।

एनएक्यूयूआईएम की मुख्य बातों के प्रभावी प्रसार के लिए, इन्हें राज्य सरकार के साथ विभिन्न स्तरों पर नियमित रूप से साझा किया जा रहा है। इसके अलावा, आउटरीच में सुधार के लिए, विभिन्न क्षेत्रों में लोगों के साथ बातचीत के कार्यक्रम (पीआईपी) आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें हितधारक सीधे भाग लेते हैं। इसी प्रकार राजीव गांधी राष्ट्रीय भूजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, रायपुर के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय (टियर ड्ड्ड्) प्रशिक्षण भी आयोजित किये जाते हैं, जिनमें भूजल और जल संरक्षण से संबंधित मुद्दों के बारे में भूजल उपयोगकर्ताओं को जानकारी प्रदान की जाती है।

अब तक के अध्ययनों से भूजल परिदृश्य और प्रबंधन विकल्पों के बारे में विभिन्न प्रकार की नई जानकारी व अंतर्दृष्टि मिली है। संकटग्रस्त जलभृतों में अति-दोहन को कम करने के लिए आपूर्ति और मांग आधारित उपायों समेत साक्ष्य-आधारित प्रबंधन कार्यक्रमों की सिफारिश की गयी है। कई क्षेत्रों में संदूषण से सुरक्षित, वैकल्पिक जलभृतों का चित्रण किया गया है, जहां भूजल के दूषित होने की सूचना मिली थी। अध्ययनों से पता चलता है कि बड़े जलभृत प्रणालियों को एकीकृत तरीके से रिचार्ज किया जा सकता है, ताकि भूजल उपलब्धता में सुधार हो सके एवं बड़े क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा दी जा सके। रिचार्ज संवर्द्धन, अब तक देश में भूजल प्रबंधन का प्रमुख उपाय रहा है। एनएक्यूयूआईएम अध्ययनों से पता चलता है कि आपूर्ति-पक्ष से जुड़े उपायों की तुलना में मांग-पक्ष प्रबंधन का भूजल परिदृश्य में सुधार पर अधिक प्रभाव पड़ता है।

एनएक्यूयूआईएम से प्राप्त वैज्ञानिक जानकारी, भूजल प्रणाली को स्पष्ट रूप से समझने में मदद करती है, जैसे - धरातल के नीचे जल से भरी संरचनाएं कैसे क्षैतिज और लंबवत रूप में फैल रही हैं, विभिन्न चट्टानों की जल धारण क्षमता की मात्रा का निर्धारण कैसे किया जाता है और विभिन्न स्तरों में भूजल की गुणवत्ता की समझ किस प्रकार बेहतर होती है। सतह के नीचे मौजूद और हमारी आंखों से छिपी अनमोल प्राकृतिक संसाधन की इस विस्तृत समझ से प्रशासकों को अपने जिलों और राज्यों के लिए बेहतर योजनाएँ बनाने में मदद मिलेगी। वर्तमान में, जल शक्ति मंत्रालय स्थानीय स्तर पर विशिष्ट मुद्दों के समाधान के लिए एनएक्यूयूआईएम अध्ययन को सूक्ष्म पैमाने पर लागू करने की योजना बना रहा है। ये अध्ययन भूजल के मुद्दों का सामना करने वाले महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेंगे और तदनुसार समस्याओं के लिए सटीक समाधान प्रस्तुत करने का लक्ष्य निर्धारित करेंगे। एनएक्यूयूआईएम के इस नए चरण के तहत शामिल किए जाने वाले क्षेत्रों को; भूजल संकट, भूजल संदूषण और अन्य महत्वपूर्ण कारकों के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी।

एनएक्यूयूआईएम के उल्लेखनीय महत्व को देखते हुए, यह कार्यक्रम ग्रामीण भारत के बड़े हिस्से में और शहरी भारत के कई हिस्सों में पेयजल सुरक्षा, बेहतर सिंचाई सुविधा और सतत जल संसाधन विकास हासिल करने में मदद करेगा। इस तरह एनएक्यूयूआईएम कार्यक्रम का उद्देश्य देश के संपूर्ण भूजल परिदृश्य में बड़े पैमाने पर बदलाव लाना है और भारत में भूजल की सटीक और व्यापक रूप से सूक्ष्म-स्तरीय स्थिति को सामने लाकर बहुमूल्य भूजल संसाधनों के स्थायी प्रबंधन का लक्ष्य हासिल करना है।

*लेखक आईएएस, संयुक्त सचिव, डीओडब्ल्यूआर, आरडी एंड जीआर जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार हैं*

## सू- दोकू क्र.16

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.15 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## फोटो पहचान पत्र को आधार से लिंक करने की कवायद शुरु

संवाददाता

देहरादून। मतदाता फोटो पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक किये जाने की कवायद शुरू करते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप निर्वाचन अधिकारी केके मिश्रा ने विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

आज यहां अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी के.के मिश्रा द्वारा मतदाता फोटो पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक किए जाने के संबंध में अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों एवं प्रारूपों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद के लगभग चौदह लाख तिरानवे हजार तीन सौ सत्तावन वोटर्स को आधार से लिंक किया जाना है। उन्होंने बताया कि वोटर ऑनलाइन माध्यम से स्वयं भी अपना आधार लिंक कर सकता है। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदेय स्थल पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1500 निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार मतदेय स्थलों के मानकीकरण एवं पुन:निधारण की कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि यदि उनके द्वारा मतदेय स्थलों के परिवर्तन संबंधी कोई प्रस्ताव दिए जाने है तो 16 अगस्त 2022 तक प्रस्ताव जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बैठक में बीजेपी प्रतिनिधि सुभाष बालियान, सीपीएम से अंनन्त आकाश, बसपा से स्पर्श सागर, जयप्रकाश, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पी. एस रावत, जिला कार्यक्रम बाल विकास अखिलेश मिश्रा सहित संबंधित राजनैतिक दलों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## मारपीट में तीन नामजद

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार काले की ढाल सर्वहारा नगर निवासी श्रीमती उषा सरकार ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पडोस में रहने वाले ओमसिंह के पुत्र अमित, संदीप अपने साथी राजेश के साथ उनके यहां पर आये और गाली गलौच करने लगे उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब आसपास के लोग वहां पर आये तो तीनों उसको जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## सात अगस्त को होगी अल्मोड़ा में सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स की परीक्षा

अल्मोड़ा (आरएनएस)। संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स की लिखित परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अल्मोड़ा में तैयारियां तेज हो गई है। डीएम ने सात अगस्त को परीक्षा को लेकर एडीएम चंद्र सिंह मर्तोलिया को नोडल अधिकारी नामित किया है।

# स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार चलाने वाले पांच गिरफ्तार



संवाददाता

देहरादून। स्पा सेंटर की आड में देह व्यापार का धंधा चलाने वाले पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर दो पीडित महिलाओं को उनके कब्जे से छुडाया। सेंटर से पुलिस ने कई आपत्तिजनक वस्तुएं कब्जे में लेकर सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अनैतिक व्यापार से संबंधित अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट देहरादून को निर्देशित किया गया। क्षेत्राधिकारी नेहरू कॉलोनी अनिल जोशी के नेतृत्व में एएचटीयू देहरादून टीम व पटेलनगर पुलिस व ह्यूमन ट्रैफिकिंग से संबंधित एनजीओ एंपावरिंग पीपल, समर्पण संस्थान, जिला विधिक प्राधिकरण सदस्य, व मैक संस्था के सदस्यो द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए शाम को सहारनपुर रोड पर स्थित स्पर्श स्पा सेंटर एंड सलून पर आकस्मिक चेकिंग के दौरान अनैतिक व्यापार के अपराध में संलिप्त स्पा सेंटर के संचालको द्वारा पीड़ित महिलाओं से अनैतिक व्यापार कराते हुए व अपराध में सम्मिलित अन्य सदस्यों के साथ गिरफ्तार किया गया व 02 पीड़ित महिलाओं को रेस्क्यू किया। चेकिंग के दौरान स्पा सेंटर से आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। पकडे गये लोगों ने अपने नाम दीपक पुत्र अरुण कुमार निवासी मोहित विहार जीएमएस रोड थाना पटेलनगर( संचालक), रंजीता सहगल पत्नी दीपक निवासी मोहित विहार जीएमएस रोड थाना पटेल नगर ( सह संचालक), राहुल पुत्र राजेंद्र निवासी 86 विंग नंबर 3 मिट्टीवेरी थाना प्रेम नगर, कामिल पुत्र ईशाक निवासी मोहल्ला मॉडल टाउन खालापार सिविल लाइन मुजफ्फरनगर यूपी हाल केनियम होम नांगल हाइट कैनाल रोड, चरणजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय दर्शन सिंह सैनी निवासी अलीगढ़ हाल निवासी कनॉट प्लेस बताये। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नदी से एसडीआरएफ ने बरामद किया अज्ञात शव

संवाददाता

देहरादून। एसडीआरएफ टीम ने मातली के पास नदी से अज्ञात महिला का शव बरामद कर पुलिस को सौंपा।

आज प्रात: साढे नौ बजे जिला नियंत्रण कक्ष उत्तरकाशी द्वारा एसडीआरएफ को सूचना दी गयी कि मातली के पास नदी में एक अज्ञात शव दिखाई दे रहा है जिसे निकालने हेतु एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है। उक्त सूचना पर एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम मय आवश्यक उपकरणों के घटनास्थल पर पहुँची। रेस्क्यू टीम द्वारा घटनास्थल से एक अज्ञात महिला का शव बरामद कर अग्रिम कार्यवाही हेतु जिला पुलिस के सुपर्द किया। विगत दिवस भी जिला पुलिस द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम बसुंगा, उत्तरकाशी में पूर्व 3 दिवस से लापता एक युवती अनीशा पुत्री चंद्र मोहन उम्र-18 वर्ष की खोजबीन के लिए एसडीआरएफ टीम द्वारा सर्च अभियान चलाया गया था। लगभग 04 घंटे की गहन सर्चिंग के दौरान ग्राम बसुंगा में नदी के पास उक्त युवती का शव बरामद कर जिला पुलिस के सुपर्द किया गया।



# कृषि विभाग ने एक दिवसीय जैविक कृषक प्रशिक्षण के लिए भेजा किसानों को

हमारे संवाददाता



बागेश्वर। कृषि विभाग ने परम्परागत कृषि विकास योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड बागेश्वर के 50 प्रगतिशील किसानों को एक दिवसीय जैविक कृषक प्रशिक्षण हेतु राजकीय जैविक प्रशिक्षण केन्द्र मजखाली, रानीखेत में प्रशिक्षण हेतु भेजा गया, जिनको आज सुबह कलेक्ट्रेट से जिलाधिकारी रीना जोशी एवं मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी कृषक प्रक्षिणार्थियों से जानकारियां लेते हुए उन्हें अच्छी तरह से प्रशिक्षण लेने को कहा। उन्होंने कहा कि कृषक प्रशिक्षण लेकर स्वंय की कृषि उत्पादन में वृद्धि कर आर्थिकी मजबूत करेंगे व दूसरों को भी अनुभव साझा करें।

मुख्य कृषि अधिकारी एसएस वर्मा ने बताया कि विकास खण्ड बागेश्वर के विभिन्न क्षेत्रों से 50 प्रगतिशील किसान कैलाश चन्द्र, जोगा राम, सुभाश चन्द्र, पूरन चन्द्र, अमित कुमार, प्रेम चन्द्र, हरीश चन्द्र, नवीन चन्द्र, पूरन सिंह, दिवान सिंह, चन्दन सिंह, देवीदत्त तिवारी, गिरीश बिष्ट, गौरी शंकर, गोपाल राम, भगवान सिंह, जगदीश राम, हेम राम, ललित प्रसाद, जगदीश राम, रमेश राम, शेखर राम, मोहनी देवी, सीता देवी, राजेन्द्र सिंह, गोविन्दी देवी, नारायण राम, राधा जनौटी, ममता देवी, हरूली देवी, आशा जनौटी, मेहेन्द्र सिंह, ईवर सिंह, सुन्दर सिंह, अमर सिंह, बलवंत सिंह, शेर सिंह, बचे सिंह, गोपाल सिंह, जीवन सिंह, दिवान सिंह, हेम चन्द्र, केवला नन्द, रोहित जोशी, मुनी देवी, भाष्करा नन्द, हिम्मत सिंह, त्रिलोक सिंह, लक्ष्मण सिंह, शेर सिंह को मजखाली रानीखेत में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के लिए रवाना किया गया है।

# रिश्वत लेता रजिस्ट्रार कानूनगो गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

नैनीताल। विजिलेंस की टीम द्वारा आज सुबह हल्द्वानी तहसील में छापेमारी कर रजिस्ट्रार कानूनगो को गिरफ्तार कर लिया गया है। रजिस्ट्रार कानूनगो पर आरोप है कि वह पीड़ित पक्ष से एक काम के एवज में दस हजार रूपये की रिश्वत मांग रहा था।

जानकारी के अनुसार आज सुबह विजिलेंस की टीम द्वारा हल्द्वानी तहसील में छापेमारी कर रजिस्ट्रार कानूनगों को दस हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि एक काम के एवज में दस हजार रूपये घूस की शिकायत पर यह कार्यवाही हुई है। विजिलेंस टीम द्वारा तहसील में कार्यरत रजिस्ट्रार कानूनगों बनवारी लाल को दस हजार की रिश्वत लेते रंगें हाथों गिरफ्तार किया गया है।

# महाशिवपुराण की समाप्ति पर भव्य भण्डारे का आयोजन

संवाददाता

देहरादून। मां दुर्गा मन्दिर विद्या विहार में महाशिवपुराण के आखिरी दिन भोले शंकर के जयकारों के साथ भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया।

आज यहां पवित्र सावन मास के शुभ अवसर पर माँ दुर्गा मन्दिर विद्या विहार में महिला उत्थान सशक्तिकरण ट्रस्ट के द्वारा शिव महापुराण का धूमधाम से आयोजन किया गया। आज मां दुर्गा मंदिर में आचार्य पवन बौड़ाई के द्वारा 11 एवं 12 ज्योतिर्लिंग के बारे में बताया गया। आज महिला उत्थान सशक्तिकरण ट्रस्ट एवं समस्त शिव भक्तों के पूर्ण सहयोग से इस महा शिव पुराण में प्रसाद वितरण वा भंडारे का आयोजन किया गया। ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती रेनू रौतेला एवं कोषाध्यक्ष रजनी तड़ियाल ने जन कल्याण समिति विद्या विहार एवं सभी शिव भक्तों, मातृशक्ति का भी धन्यवाद वा आभार व्यक्त किया । इस महायज्ञ में समाजसेवी लच्छू गुप्ता परिवार सहित और महंत इंद्रेश अस्पताल के मेडिसिन विभाग के डॉक्टर श्रीयांश सैनी ने भी भंडारे में उपस्थित होकर प्रसाद वितरण में सहयोग दिया। भव्य संगीत मय महाशिवपुराण में अपना पूर्ण तन मन धन से सहयोग करने पर सभी शिव भक्तों का महिला उत्थान सशक्तिकरण ट्रस्ट द्वारा बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्म किया। आज शिव पुराण के आखिरी दिन महायज्ञ में बहुत अधिक संख्या में उपस्थित शिव भ भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। तत्पश्चात ट्रस्ट एवं सभी लोगों के द्वारा जयकारे के साथ महाशिवपुराण कथा वाचक व्यास को विदाई दी गई।

# दहेज मांग कर आत्महत्या के लिए उकसाने वाला पति गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। दहेज में दस लाख की मांग कर पत्नी को आत्महत्या करने के लिए उकसाने वाले एक दहेज लोभी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज राकेश कुमार पुत्र स्व. तेजपाल निवासी ग्राम नन्हेडा अनन्तपुर द्वारा थाना भगवानपुर में तहरीर देकर बताया कि मेरी पुत्री की शादी अंकुर उर्फ धीरेन्द्र सिंह काका पुत्र स्व. सतपाल सिह निवासी ग्राम शैकपुरा रामपुर मनिहारन सहारनपुर के साथ हुई थी तथा मैने अपनी पुत्री की शादी में लगभग 7-8 लाख रुपये खर्च किये थे। बताया कि शादी के कुछ माह बाद से ही उसके ससुराल वाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगें। जिस पर मैने उन्हे समझाने का कई बार प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। कुछ समय बाद मेरी पुत्री ने एक पुत्र को जन्म दिया। जिसके कुछ महीनों बाद ही ससुरालियो ने एक बार फिर दहेज के नाम पर मेरी पुत्री को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जिस पर मेरी पुत्री हमारे घर वापस आ गयी। जिसके कुछ दिनों बाद मेरा दामाद मेरे घर आया और मेरी पुत्री से मारपीट कर उसका बच्चा छीन ले गया और जाते समय कहा कि 10 लाख रुपये नही दे सकते तो यही डूब कर मर जा या फांसी लगाकर जान दे दे। इस पर मेरी पुत्री तनाव में आ गयी और उसने फांसी लगा कर जान दे दी।

पुलिस ने मामले में आरोपी पति के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे बीती शाम बस स्टैंड बडी मस्जिद भगवानपुर से गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है।



## एक नजर

## चांदी व्यापारी की हत्या कर धड़ से अलग किया सिर, आरोपी गिरफ्तार

आगरा। ताजनगरी आगरा के सिकंदरा में एक चांदी व्यापारी की हत्या के बाद उसका सिर धड़ से अलग कर दिया गया। इसके बाद कटे हुए सिर को पॉलीथीन में डालकर व्यापारी की कार में डाल दिया। गश्त पर निकली पुलिस ने खड़ी कार को चेक किया तो पिछली सीट पर कटा सिर पड़ा देख होश उड़ गए। पुलिस ने इस मामले में आरोपी और उसके भतीजे को हिरासत में लिया है। सीओ हरी पर्वत एएसपी सत्यनारायण ने बताया कि पकड़े गए युवक ने अपना नाम टिंकू भार्गव बताया। वह बेलनगंज का रहने वाला। उसके साथ भतीजा भी था। हत्या लोहामंडी के तरकारी वाली गली निवासी नवीन वर्मा की हुई। वह चांदी व्यापारी थे। टिंकू की नवीन से दोस्ती थी। उसके घर पर भी आना जाना था। बृहस्पतिवार रात को उसने नवीन को बहाने से अपने पास बुलाया। उसे गाड़ी में लेकर गए। कार रोकने के बाद शव नीचे उतारा और चाकू से गला काट दिया। पहचान छिपाने के लिए शव से कपड़े भी उतार दिए। इसके बाद कार में सिर को पॉलिथीन में लपेट कर रख लिया था। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि टिंकू नवीन की पत्नी से दोस्ती करना चाहता था, लेकिन नवीन आड़े आ रहा था। इस वजह से उसने नवीन को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और उसका कत्ल कर दिया।



## भाजपा संविधान और धर्मनिरपेक्षता की नींव को खत्म कर देगी : महबूबा

जम्मू। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला है। हर घर तिरंगा अभियान पर कटाक्ष करते हुए पीडीपी प्रमुख ने कहा कि वे इस देश का झंडा वैसे ही बदल देंगे जैसे उन्होंने जम्मू-कश्मीर का संविधान और झंडा छीन लिया। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि बीजेपी आने वाले समय में इस देश के संविधान को भी खत्म कर देगी और एक मजहबी मुल्क बनाएगी। जो तिरंगा आप शान से फहरा रहे हैं उसको बदलकर भगवा झंडा लाएगी। वे उसी तरह से इस मुल्क के संविधान और तिरंगे को बदलेंगे जिस तरह से जम्मू-कश्मीर का संविधान और झंडा छीना था। लेकिन हमने कसम खाई है कि हमें अपना झंडा और संविधान वापस मिलेगा। हम उन्हें कश्मीर के मुद्दे को सुलझाने के लिए भी मजबूर करेंगे, जिसके लिए लाखों लोगों ने अपना बलिदान दिया।



## धार्मिक संस्थाओं द्वारा चलाये जा रहे धर्मशालाओं से नहीं वसूला जाएगा 12 फीसदी जीएसटी

नई दिल्ली । केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने धार्मिक संस्थाओं के द्वारा चलाये जाने वाले धर्मशालाओं को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से मुक्त करने का ऐलान किया है। इस मामले में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने गुरुवार की शाम में एक बयान जारी करते हुए कहा कि किसी भी धार्मिक संस्था द्वारा चलाये जा रहे धर्मशालाओं के द्वाया किराये पर दिये जाने कमरों पर जीएसटी की वसूली नहीं होगी। दरअसल वित्त मंत्रालय को यह बयान इस कारण जारी करना पड़ा क्योंकि राज्यसभा के सांसद और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राघव चड्ढा सहित कई धार्मिक संगठनों ने इस संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्रालय से मांग की कि धार्मिक संस्थानों द्वारा संचालित धर्मशालाओं को जीएसटी के दायरे से मुक्त किया जाए। इस संबंध में सांसद राघव चड्ढा ने बीते गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात करके अपील की कि पंजाब के अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर के पास धर्मशालाओं से 12 फीसदी की दर से जीएसटी वसूला जा रहा है, जो श्रद्धालुओं के साथ बड़ा अन्याय है और इससे उनके रहने का खर्च काफी बढ़ गया है। इसलिए धार्मिक यात्राओं के दौरान धार्मिक संस्थाओं की धर्मशालाओं में ठहरने वाले श्रद्धालुओं के जीएसटी से राहत दी जाए ताकि वो अपनी धार्मिक यात्रा को कम खर्च में संपन्न कर सकें।




# प्रदर्शनकारी कांग्रेसी गिरफ्तार



विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस ने भी आज अपने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार महंगाई व बेरोजगारी तथा जीएसटी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को राजभवन व सीएम आवास जाने से पुलिस द्वारा रोका गया तो उनकी तीखी नोकझोंक भी हुई। हाथीबड़कला में यह कांग्रेसी सड़क पर ही धरने पर बैठ गए जहां से पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया।

प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और नेता विपक्ष यशपाल आर्य तथा प्रीतम सिंह आदि तमाम बड़े नेताओं के साथ हजारों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने आज कांग्रेस भवन से महंगाई व बेरोजगारी के विरुद्ध विरोध मार्च निकाला। जब यह कार्यकर्ता राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देने के लिए राजभवन की ओर कूच कर रहे थे तो पुलिस ने हाथीबड़कला में बनाई गई बैरिकेडिंग पर इन्हें रोक दिया गया। कांग्रेसी

### ❑सरकार पर लगाया तानाशाही का आरोप

कार्यकर्ता और नेताओं ने यहां कई बार बैरिकेडिंग को तोड़ने का प्रयास किया इस दौरान पुलिस के साथ उनकी धक्का-मुक्की और तीखी नोकझोंक भी हुई। आगे न बढ़ पाने के कारण यह कार्यकर्ता यही सड़क पर धरने पर बैठ गए और केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे।

प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का कहना है कि कांग्रेस आम आदमी की समस्याओं को लेकर संघर्ष करती रहेगी उन्होंने कहा कि जब आम आदमी महंगाई से परेशान हैं केंद्रीय सत्ता में बैठे नेता यह मानने को भी तैयार नहीं है कि महंगाई बढ़ी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे पर चर्चा भी करना चाहे तो सत्ता पक्ष चर्चा के लिए भी तैयार नहीं है ऐसे में कांग्रेस के पास सड़कों पर उतरने के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचा है। उधर यशपाल आर्य ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार काग्रेस को डरा धमका कर चुप बैठ जाने पर विवश कर रही है लेकिन कांग्रेसी नेता चुप बैठने वाले नहीं हैं। भले ही उन्हें जेल में डाल दिया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र का इस्तेमाल राजतंत्र की तरह कर रही है आम आदमी की आवाज को कोई सुनने को तैयार नहीं है।

पुलिस द्वारा इन प्रदर्शनकारी कांग्रेसी नेताओं को जबरन उठाकर बसों में भरकर पुलिस लाइन ले जाया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर से इस प्रदर्शन में भाग लेने के लिए नेतागण पहुंचे थे तथा इस विरोध प्रदर्शन में भारी भीड़ देखी गई।

## नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। नाबालिग को जंगल ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मामला पिरान कलियर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार पंजाब निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री जो रात 9 बजे लंगर लेने गयी थी उसे वहां एक युवक मिला जो उसे बहला फुसला कर जंगल की ओर ले गया। जहां उसने उनकी पुत्री के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया जिसमें सफल न होने पर उसने उसे जान से मारने की धमकी दी है।

मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम रहमान उर्फ पीरू निवासी जोरासी जबरदस्तपुर है जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

## रजनी रावत को जान से मारने की धमकी


संवाददाता

देहरादून। रजनी रावत ने जान से मारने की धमकी देने के मामले में किन्नर किरन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चुक्खुवाला निवासी रजनी रावत ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि शांति किन्नर की चेले किरन शर्मा ने उसको जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## उत्तराखण्ड की वादियों में बनी हिन्दी फिल्म 'अनफिनिस्ड स्टोरी' हो रही है 5 अगस्त को रिलीज

देहरादून (सं)। चरणप्रीत, जिन्होंने द ट्रेन, रा.वन, जंजीर, साहेब बीवी और गैंगस्टर रिटर्न्स, उंगली, सरबजीत और हसीना पार्कर जैसी कई हिंदी फिल्मों में अभिनय किया है और जिन्होंने टाइगर श्रॉफ और जैकलीन जैसे विभिन्न बॉलीवुड ए-लिस्टर्स के लिए प्री मूवी वर्कशाप कोच के रूप में भी काम किया है जिसमें उन्होंने जैकलीन फर्नांडीज ,ऐश्वर्या राय बच्चन और रणदीप हुड्डा और अर्जुन कपूर व टाइगर श्रॉफ को ट्रेन किया है, वह चरणप्रीत अब 'अनफिनिस्ड स्टोरी' फिल्म के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत कर रहे हैं।




बता दे कि यह फिल्म उत्तराखंड की सुरम्य वादियों में फिल्माई गई है और यह फिल्म एक निराश लेखक की कहानी और अपने नव-नियुक्त सहायक के साथ उसके विकसित होने वाले संबंधों की कहानी बताती है। यह जोड़ी के लिए खोज और याद की यात्रा है क्योंकि वे अधूरी कहानियों को पूरा करने के बारे में जाते हैं, दोनों काल्पनिक और अपनी खुद की। इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले चरणप्रीत सिंह , समृद्धि चंदोला के साथ स्क्रीन साझा करते हैं, यह फिल्म सौम्या फिल्म्स द्वारा निर्मित की गयी है। इस फिल्म में उत्तराखंड के कई लोकल कलाकारों ने काम किया है फिल्म को सेन्सर ने यू सर्टिफिकेट दिया है

फिल्म के पोस्टर और फर्स्ट लुक का खुलासा मशहूर निर्देशक अनीस बज्मी ने किया है, जिन्होंने हाल ही में ब्लॉकबस्टर फिल्म भूल भुलैया 2 डायरेक्ट की है। फिल्म के गीत-संगीत जी म्यूजिक पर आ चुके हैं और दर्शकों को पहले से ही पसंद आ रहे हैं। अनफिनिस्ड स्टोरी फिल्म 5 अगस्त 2022 को नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*